भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 263

मंगलवार, 26 फरवरी, 2013

बीएचईएल में स्थानीय लोगों के लिए "ग" और "घ" के पद

263. श्री मोहम्मद अली खान :

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) में समूह 'ग' और 'घ' के पदों के लिए अखिल भारतीय आधार पर नियुक्ति करने के स्थान पर स्थानीय लोगों को आरक्षण और वरीयता देने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अभी तक क्या कार्रवाई की गई है ?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री

(श्री प्रफुल पटेल)

उत्तर (क) और (ख) : कारीगरों की भर्ती स्थानीय अभ्यर्थियों तक सीमित रखने अथवा स्थानीय लोगों को आरक्षण प्रदान करने की मांग इस विभाग में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के माध्यम से दिसम्बर, 2010 में प्राप्त हुई थी । इस मामले की जांच लोक उद्यम विभाग के साथ परामर्श करके की गई थी । जांच में यह पाया गया कि केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में भर्ती लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के द्वारा नियंत्रित होती है जिनमें स्थानीय लोगों के लिए ऐसी सुविधा की अनुमति नहीं है । इसलिए, ऐसी मांग को नहीं माना जा सकता है ।

*****